शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक / 854 /ब.वि.वि./अका./2021 जगदलपुर, दिनांक 28/09/2021

प्रति,

ई–मेल से प्रेषित

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय,
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर,
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

विषय :– शैक्षणिक सत्र 2021–22 में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में शतप्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने हेतु रिक्त सीटों पर प्रवेश देने के संबंध में।

*****

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शैक्षणिक सत्र 2021–22 में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में कुलपति के अनुमति से प्रवेश दिये जाने की अंतिम तिथि दिनांक 30.09.2021 तक निर्धारित है। महाविद्यालय में संचालित स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु तृतीय एवं चतुर्थ चरण की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.09.2021 निर्धारित है। इसी प्रकार, स्नातकोत्तर, स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं एल.एल.बी. पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु द्वितीय एवं तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.09.2021 निर्धारित है।

माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में स्वीकृत सीट संख्या के विरूद्ध शतप्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने हेतु दिनांक 29.09.2021 एवं 30.09.2021 की तिथि में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु "ओपन काउंसिलिंग पद्यति" से नियमानुसार सत्र 2021–22 हेतु छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के प्रावधानों एवं गुणानुक्रम के अनुसार प्रवेश की कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगें।

आपके महाविद्यालय में "ओपन काउंसिलिंग पद्यति" से प्रवेश की कार्यवाही करने की सूचना, संबंधित पाठ्यक्रम में स्वीकृत सीट संख्या, आरक्षण नियम अनुसार वर्गवार प्रवेशित छात्र संख्या एवं प्रवेश हेतु वर्गवार रिक्त सीट संख्या की जानकारी "ओपन काउंसिलिंग पद्यति" से प्रवेश की कार्यवाही प्रारंभ करने के पूर्व महाविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करेंगे एवं सूचना पटल पर चस्पा करेंगें।

28/09/2021

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 855 /ब.वि.वि./अका./2021 जगदलपुर, दिनांक 28/09/2021

प्रतिलिपि :–

01. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर।
02. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय,ब्लॉक–सी 30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर।
03. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर।

– की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

28.9.2021

सहायक कुलसचिव (अकादमिक)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)